हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज


भोपाल, शुक्रवार 4 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 एनएसयूआई ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव वाटर...



07 सोहागपुर के किसान को मिला छिंदवाड़ा जिले की...



खबर संक्षेप

180 कि. महुआ लाहन व 25 ली अवैध मदिरा जब्त

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। अभियान के तहत 02 सितम्बर 2026 को वृत्त पिपरिया के अंतर्गत अंबेडकर वार्ड पिपरिया, लोहिया वार्ड, रायखेड़ी रोड, हाथवास, सिलारी, खपरखेड़ा, गढ़ा घाट एवं सांडिया क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत कुल 6 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाही के दौरान मौके से लगभग 180 किलोग्राम महुआ लाहन, 25 लीटर हाथभट्टी मदिरा तथा अवैध रूप से रखी गई देसी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई। जब्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 23,000/- रुपये आंकी गई है।

अब तक 689 .7 मिमी वर्षा दर्ज

नर्मदापुरम। जिले में अब तक जिले में 689.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1189.1 मिमी औसत वर्षा हुई थी। इस वर्ष अभी तक आधी बारिश ही दर्ज हुई।

प्रशासनिक निर्णय : विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता में हुई त्रैमासिक बैठक

मंगलवार से सड़कों से हटेंगे ठेले दिन में भारी वाहनों की 'नो-एंट्री'

शहर की समस्याओं और विकास कार्यों को गति देने विधायक की अध्यक्षता में त्रैमासिक बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की जनसमस्याओं, रुके हुए विकास कार्यों, ट्रैफिक और कानून-व्यवस्था को लेकर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता में एक अहम त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। लगभग तीन घंटे चली इस मैराथन बैठक में शहर के विकास और व्यवस्था सुधार के लिए कई कड़े और महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर को अतिक्रमण मुक्त करने, यातायात सुगम बनाने और लंबित निर्माण कार्यों को गति देने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। बैठक में एसडीएम नीलेश शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव, मंडी में विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष पुरानी इटारसी मयंक मेहतो, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, जिनसे बिंदुवार जवाब-तलब किया गया।



मंगलवार से सख्ती से हटेंगे फल के ठेले

शहर में ट्रैफिक और विवादों का मुख्य कारण बन रहे अतिक्रमण पर अब बड़ा एक्शन होगा। मंगलवार से पूरे शहर के फल ठेलों को हटाकर सख्ती के साथ फल बाजार में शिफ्ट किया जाएगा। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए तय किया गया है कि सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक रेलवे स्टेशन से सोनासांवरी तक बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

मंडी के लिए महत्वपूर्ण फैसले

शासकीय अस्पताल के उन्नयन (अपग्रेडेशन) का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। वहीं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को एजुकेशनल प्रोग्राम के लिए भूमि आवंटित की जाएगी। रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में अवैध वेंडरिंग और दूषित खानपान पर रोक लगाने के लिए जीआरपी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम रेड कर सख्त एक्शन लेगी। मंडी में इलेक्ट्रॉनिक तौलकांटा लगाने के लिए निविदा (टेंडर) निकाल दी गई है। साथ ही, मंडी में चोरी रोकने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। शान्तिधाम खेड़ा में टीनशेड के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन बिजली लाइन को भी ऊंचा किया जाएगा। ।साथ ही रुके हुए विकास कार्यों को लेकर विधायक ने अधिकारियों को समय-सीमा तय कर काम पूरे करने के निर्देश दिए हैं। विधायक ने कहा कि न्यास कॉलोनी से खेड़ा बायपास के लिए अधिगृहित भूमि का मुआवजा वितरण सोमवार से शुरू होगा।

प्रत्याशी का फैसला करेगा संगठन

आगामी 8 तारीख से वार्ड नंबर 30 में होने वाले उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया पर पत्रकारों के सवाल पर विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि शहर की जनता और कार्यकर्ता उत्साहित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव छोटा हो या बड़ा, प्रत्याशी उतारने का अंतिम फैसला पार्टी का संगठन और मंडल अध्यक्ष ही करते हैं।

दुकानदारों से रंगदारी मांगने पर दो अलग-अलग मामले दर्ज

पिस्टल व चाकू दिखाकर अड़ीबाज़ी पर निकला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के सरकारी अस्पताल क्षेत्र में हथियार दिखाकर रंगदारी मांगने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। दुकानदारों की शिकायत पर इटारसी पुलिस ने आरोपी शिवम मौर्य उर्फ टक्कू और उसके साथी आदित्य पटेल के खिलाफ दो अलग-अलग आपराधिक प्रकरण दर्ज किए हैं। आज पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके उसका जुलूस निकाला।

गांधीनगर में एसआर कॉम्प्लेक्स के पास श्री श्याम वाशिंग सेंटर चलाने वाले फरियादी गौरव यादव 27 वर्ष पिता राजेश यादव निवासी गांधीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी शिवम मौर्य उर्फ टक्कू ने पिस्टल और आरोपी आदित्य पटेल ने चाकू दिखाकर उनसे अड़ीबाजी की। आरोपियों ने उनसे 4,000 रुपये की मांग की और रुपये न देने पर दुकान बंद कराने की धमकी दी। इस दौरान आरोपियों ने फरियादी के साथ गालियां देकर झूमाझटकी की तथा जान से मारने की धमकी दी।

बेकरी संचालक से मांगे एक हजार रूपए

सरकारी अस्पताल के पास जनता बेकरी चलाने वाले फरियादी संजय मोटवानी 42 वर्ष पिता सुरेंद्र मोटवानी निवासी गांधीनगर ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी शिवम मौर्य उर्फ टक्कू ने दुकान पर आकर पिस्टल दिखाई और अड़ीबाजी करते हुए शराब पीने के लिए 1,000 रुपये की मांग की। रुपये देने से मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों में फरियादियों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

अपने दशम वर्ष में नपा करेगी 120 शिक्षकों का सम्मान, 5 सितंबर को होगा समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा शिक्षक कल्याण संगठन के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला शिक्षक सम्मान समारोह-2026 इस वर्ष अपने दशम वर्ष में प्रवेश कर रहा है। समारोह में नगर के महाविद्यालयों, विद्यालयों एवं तकनीकी शिक्षा संस्थानों में समर्पित भाव से अध्यापन कार्य करने वाले 120 सम्माननीय शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया जाएगा। शिक्षकों के योगदान और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित यह समारोह 5 सितंबर, शनिवार को शाम 6 बजे से कविवर पं. भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम, इटारसी में आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक नर्मदापुरम-इटारसी होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शन सिंह चौधरी, सांसद नर्मदापुरम-नरसिंहपुर करेंगे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला तथा प्रदेश अध्यक्ष तैराकी संघ मध्यप्रदेश पीयूष शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

दस वर्षों से शिक्षकों के सम्मान की परंपरा

नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा लगातार दसवें वर्ष आयोजित किए जा रहे इस समारोह ने शिक्षक सम्मान को एक गरिमामयी परंपरा का रूप दिया है। शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों को मंच पर सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी।

अधिवक्ताओं की बैठक में मीडिएशन पर दिया जोर

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय नर्मदापुरम में आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर गुरूवार को बैठक एवं मीडिएशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम के सभागार में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा ने की। बैठक में विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश सुश्री के. शिवानी, न्यायाधीश आदि मौजूद रहे।

डामर की चादर डालकर आंखों में झोंकी जा रहा है धूलः पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी शहर की बदहाल और जर्जर सड़कों को लेकर स्थानीय राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने भाजपा शासित नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए इसे जनता के साथ सरासर धोखा करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर के विकास के नाम पर केवल खोखले दावे किए जा रहे हैं, जबकि हकीकत में करोड़ों रुपये जनता के गाढ़े पसीने की कमाई को लीपापोती के नाम पर बर्बाद किया जा रहा है।

डामरीकरण यानी भ्रष्टाचार का खेल



जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा पहले से बनी मजबूत सीमेंटेड सड़कों के ऊपर महज डामर की पतली परत चढ़ाकर खानापूर्ति की जा रही है। यह विकास नहीं, बल्कि जनता के पैसों की खुली लूट है।

उन्होंने शहर की बदतर होती नब्ज टटोलते हुए कई प्रमुख मार्गों की पोल खोली, सोना सावरी नाका से रेलवे स्टेशन तक का मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है। सबसे व्यस्ततम सड़को में से एक गरीबी लाइन अंडरब्रिज मार्ग की बदहाली। न्यास कॉलोनी से थाने के पीछे तक की सड़कें चलने लायक नहीं बची हैं।

लाइन एरिया (1 से 13वीं लाइन तक) के निवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। सब्जी मंडी से भारत टॉकीज और फल बाजार होते हुए रेलवे स्टेशन जाने वाला मुख्य मार्ग हादसों को दावत दे रहा है।

शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि बारिश के मौसम ने नगर पालिका के दावों के पोल खोलकर रख दी है। शहर के हर कोने में बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी गिट्टियां और जलभराव आम नागरिकों के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। जनता टैक्स का पूरा भुगतान करती है, लेकिन बदले में उन्हें धूल, कीचड़ और हादसों से भरा रास्ता मिलता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि इटारसी की जनता को सुरक्षित और पक्की सड़कें पाने का पूरा अधिकार है। यदि नगर पालिका ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया और घटिया सामग्री के इस्तेमाल की लिपापोती बंद नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी जनता के हक के लिए सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

नपा कार्यालय के पीछे चौपाटी मार्ग से हटाए बंद पड़े 3 टप

नपा की रडार पर एक दर्जन और दुकानें, एक दिन पहले 'पहली लाइन' में भी वसूला था जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर को व्यवस्थित, स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया है। बाजार क्षेत्र सहित शहर के अन्य व्यस्त मार्गों पर नपा अमले द्वारा सघन अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जा रही है। गुरुवार दोपहर नगर पालिका की टीम ने अपने ही कार्यालय के ठीक पीछे स्थित चौपाटी मुख्य मार्ग पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।नपा अमले ने दोपहर करीब 1 बजे दल-बल के साथ पहुंचकर चौपाटी मार्ग पर लंबे समय से बंद पड़े तीन लोहे के टपों (गुमठियों) को हटा दिया। सड़क किनारे रखे इन बंद टपों के कारण न केवल मार्ग संकरा हो रहा था, बल्कि व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी।



अभी और एक दर्जन टप हटाने की तैयारी

नगर पालिका सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नपा कार्यालय के पीछे चौपाटी क्षेत्र में लंबे समय से कई लोहे की गुमठियां और टप बंद हालत में रखे हुए हैं। अभियान के पहले दिन गुरुवार को तीन बंद पड़े टप हटाए गए हैं। बताया जा रहा है कि आगामी दिनों में इसी क्षेत्र से करीब एक दर्जन और बंद पड़ी लोहे की दुकानों को हटाया जाना बाकी है, जिन्हें चिह्नित कर लिया गया है। नपा प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जे को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बुधवार को पहली लाइन में जुर्माना वसूला था

नगर पालिका की यह अतिक्रमण विरोधी मुहिम जारी है। इससे ठीक एक दिन पहले बुधवार को भी नपा की टीम ने शहर के पहली लाइन क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दुकानों के सामने किए अतिक्रमण को हटाया था। इसके साथ ही, दुकानों के आसपास कचरा डालकर गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर शिकंजा कसते हुए नपा टीम ने मौके पर ही नकद जुर्माना भी वसूला था। टीम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी है कि वे अपनी दुकानों का सामान नाली और सड़क तक न फैलाएं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

नर्मदा कॉलेज में बलराम जयंती मनाई

नर्मदापुरम। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार हिंदी विभाग द्वारा साहित्यिक समिति के तत्वावधान में भगवान बलराम की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भजन प्रस्तुत किए तथा भगवान बलराम के जीवन-दर्शन पर आधारित पोस्टर बनाए और व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भगवान श्री बलराम के जीवन, उनके कृषि, संस्कृति एवं श्रम से जुड़े योगदान से परिचित कराना था। डॉ. संतोष अहिरवार ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और भगवान श्री बलराम को श्रम का देवता माना जाता है।

नपा कार्यालय में नपाध्यक्ष ने की जन-सुनवाई आवास योजना की समस्या का समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका कार्यालय में प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का त्वरित संतोषजनक समाधान किया जा रहा है। कई समस्याएं जांच के बाद हल की जा रही हैं। जिनमें समय लगता है। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु जनसुनवाई की जा रही है। गुरूवार को अनेक समस्याएं आई जिनमें प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 33 के मधुकर शिंदे ने पीएम आवास योजना से संबंधित बताई जिसका तत्काल समाधान किया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 30 की एक महिला द्वारा संबल कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया था। जिससे संबंधित शाखा में भेजकर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश नपाध्यक्ष ने दिए। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 11 सांई बिहार कालोनी के रमेश कुमार ने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके यहां की स्ट्रीट लाइट बंद है जिस पर नपाध्यक्ष ने तत्काल इंजीनियर को बुलाकर उनकी समस्या के समाधान के निर्देश दिए। वार्ड नंबर 29 के रोहित वर्मन और उनकी टीम सीवरेज कंपनी द्वारा सड़क खोदने के बाद सही रिस्टोरेशन नहीं करने की शिकायत की गई। सड़क और नाली निर्माण संबंधित समस्याएं भी आई थीं की जांच उपरांत समाधान किया जाएगा।



हांका दल ने की कार्रवाई मवेशियों को गोशाला भेजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरूवार को हांका दल द्वारा कार्रवाई करते हुए नगर सीमा में विचरण कर रहे आवारा मवेशियों को गोशाला में छोड़ा गया। हाका दल द्वारा नगर के अनेक स्थानों से आवारा मवेशियों को पकड़ा। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देश पर नगर में आवारा घूम रहे मवेशियों को गोशाला भेजा गया है। गुरूवार को नगर के रसूलिया रोड, मालाखेड़ी रोड, कलेक्टर बंगले, कोठीबाजार से करीब 28 आवारा मवेशियों को पकड़ा गया। जिन्हें केंद्रीय जेल खंड अ की गोशाला में छोड़ा गया। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। साथ ही नगर के नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने पशुओं को बांधकर रखें। खुला छोड़ देने से वे सड़क पर आकर बैठते हैं तथा दुर्घटना का कारण बनते हैं।

वर्धमान पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई गई जन्माष्टमी

कृष्ण सुदामा की मित्रता से द्रवित हुए दर्शक, नन्हें बच्चों ने किया भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का शानदार अभिनय

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वर्धमान पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से सातवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनकी बाल लीलाओं पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दीं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा 'कृष्ण जन्म' तथा 'कृष्ण-सुदामा' पर आधारित मनमोहक एक्ट प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सभी ने खूब सराहा। वहीं प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चे कृष्ण एवं ग्वाल की वेशभूषा में बछड़े के साथ मनमोहक नृत्य करते नजर आए। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मटकी फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही कक्षाओं में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने बांसुरी, मुकुट एवं अन्य कृष्ण-थीम आधारित हस्तनिर्मित वस्तुएँ तैयार कीं।



विद्यालय परिसर में बच्चों की रंग-बिरंगी वेशभूषा, मनमोहक प्रस्तुतियों और उत्साह ने जन्माष्टमी समारोह को विशेष एवं यादगार बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं भगवान श्रीकृष्ण के जीवन मूल्यों से परिचित कराना रहा।

आज मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमीं

जिले भर में आज भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। जहां भगवान श्री कृष्ण को माखन मिश्री का भोग लगाया जाएगा वहीं शहर के प्रतिष्ठित इस्कान मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

झलक ने सीएस एग्जीक्यूटिव परीक्षा में गाड़े सफलता के झंडे



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी की बी.कॉम. तृतीय वर्ष की मेधावी छात्रा झलक अग्रवाल ने एक बार फिर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। झलक ने इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (ICSI) द्वारा आयोजित सीएस (कंपनी सेक्रेटरी) एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा (जून 2026 सत्र) में शानदार सफलता हासिल की है।

25 अगस्त को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में झलक ने ग्रुप-1 के अंतर्गत चारों प्रश्नपत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 400 में से 203 अंक (50.75 प्रतिशत) प्राप्त कर इस कठिन परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार के साथ-साथ पूरे कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. मेहरा ने छात्रा की इस बड़ी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

एनएसयूआई ने दी चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी

एनएसयूआई ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव वाटर कैनन की बौछार से भी नहीं रुके युवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

एनएसयूआई ने आज गुरुवार की दोपहर में बैतूल में कलेक्ट्रेट के सामने जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए फायर वाहन से लगातार पानी फेंका गया। इस दौरान कार्यकर्ता बेरिकेटस पर चढ़कर रहे थे। फायर वाहन का पानी खत्म हो जाने के बाद कार्यकर्ता सीधे कलेक्टेट में घुस गए। उन्होंने कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर अपना प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह प्रदर्शन देर तक चलता रहा। वैसे यह प्रदर्शन इतना बड़ा नहीं था, लेकिन प्रशासन ने एनएसयूआई की चेतावनी के कारण चाक-चौबंद व्यवस्था कर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर प्रदर्शन को बड़ा बना दिया।

ऑडिटोरियम से हुआ प्रदर्शन का शंखनाद

छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने, शिक्षा संजीवनी अभियान का विरोध और पीपीपी मोड मेडिकल कॉलेज के बजाय सरकारी मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर गुरुवार को एनएसयूआई ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय विनोद डागा और एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रोहन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र-युवा शिवाजी ऑडिटोरियम से रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन्हें बैरिकेट्स लगाकर रोकने का प्रयास किया। छात्रों द्वारा जब बेरिकेड्स पर चढ़ने का प्रयास किया गया तो पुलिस ने वाटर कैनन की बौछार की, लेकिन छात्र पीछे नहीं हटे और अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन जारी रखा। दोपहर 1:30 बजे शिवाजी ऑडिटोरियम के पास छात्र-युवा जुटे और नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। बड़ी संख्या में युवाओं के पहुंचने के चलते मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन के दौरान माहौल गरम रहा और पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। एनएसयूआई ने लंबे समय से बंद छात्रसंघ चुनाव तत्काल प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की मांग की। संगठन ने कहा कि चुनाव नहीं होने से विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं लोकतांत्रिक तरीके से उठाने का प्रभावी मंच नहीं मिल रहा है। शिक्षा संजीवनी अभियान के नाम पर विद्यार्थियों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए शिक्षा व्यवस्था में ठोस सुधार की मांग भी उठाई गई।

पुलिस की सक्रियता भी नहीं रोक पाई प्रदर्शनकारियों को



एनएसयूआई का यह प्रदर्शन वैसे तो कुछ ज्यादा बड़ा नहीं था, लेकिन पुलिस की सक्रियता ने इस प्रदर्शन को बड़ा बना दिया था। हालांकि इतने बेरिकेट्स लगाने के बावजूद भी पुलिस प्रदर्शनकारी युवाओं को कलेक्ट्रेट में जाने से नहीं रोक पाई। पुलिस की यह सक्रियता दरअसल एनएसयूआई की कलेक्ट्रेट को घेरने और चेतावनी की परिणम थी, पुलिस का मानना था कि एनएसयूआई की चेतावनी दिल्ली के जंतर मंतर की तरह भारी ना पड़ जाए। इस लिहाज से भी पुलिस प्रदर्शन को लेकर काफी सतर्कता बरत रही थी। पुलिस ने एनएसयूआई के प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए काफी इंतजाम किए थे। मौके पर पुलिस बल के अलावा प्रदर्शनकारियों के लिए स्पेशल दस्ता लगाया गया था। इसके अलावा आसू गोले छोड़े जाने की व्यवस्था की गई थी। दो फायर ब्रिगेड लगाई गई थी, लेकिन इन सब इंतजामों के बावजूद पुलिस इन प्रदर्शनकारियों को कलेक्ट्रेट में अंदर जाने से रोकने में नाकाम रही।

जल संकट के दौर में दो फायर ब्रिगेड कर दी खाली

एनएसयूआई के युवाओं को रोकने के लिए पुलिस ने दो फायर वाहन नगर पालिका से बुलाए थे, ताकि प्रदर्शन कारियों को काबू में किया जा सके। प्रदर्शन शुरू होने के दौरान फायर वाहन से पानी की बौछारें छोड़ी गई। इसमें दोनों फायर ब्रिगेड खाली हो गई। जल संकट के दौर में जब पानी की सप्लाई दो दिन की आड़ में हो रही है, ऐसे में फायर वाहन का इस्तेमाल जल का नुकसान साबित हो रहा है।

आईटीआई के निजीकरण और फीस वसूली का विरोध

प्रदर्शनकारियों ने भीमपुर और शाहपुर की शासकीय आईटीआई को परम फाउंडेशन को सौंपने का जमकर विरोध किया। बीएड-डीएड कॉलेजों में मनमानी फीस पर रोक लगाने तथा जिले के सभी कॉलेजों की मान्यता और संचालन संबंधी आवश्यक शर्तों की जांच कराने की मांग रखी गई। छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जिलास्तरीय अध्ययन केंद्र, बेरोजगार युवाओं के लिए विशेष रोजगार अभियान और सरकारी छात्रावासों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए परिवहन सुविधा बढ़ाने, खेल सुविधाओं का विस्तार करने तथा विद्यार्थियों और युवाओं के लिए विशेष जनसुनवाई शुरू करने की मांग भी रखी गई।

मांगें पूरी नहीं हुईं, तो होगा चरणबद्ध आंदोलन

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रोहन सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं से जुड़े मुद्दों का तत्काल निराकरण होना चाहिए। उन्होंने मांगें पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। प्रदर्शन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय विनोद डागा सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं और युवा शामिल रहे।

अवकाश के दिन वितरण का आरोप

राशन दुकान समय पर नहीं खुलने से ग्रामीण परेशान

कछार पंचायत के कोयलारी, कोपलबुड़ी और जोड़ियामऊ के ग्रामीणों ने की जांच और व्यवस्था सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा



ग्राम पंचायत कछार के अंतर्गत आने वाले कोयलारी, कोपलबुड़ी, जोड़ियामऊ एवं कछार के ग्रामीणों को शासकीय उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त करने में लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने दुकान के संचालन, राशन वितरण की व्यवस्था और मशीन से संबंधित प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत कछार की सरपंच संगीता सहित ग्रामीणों की ओर से सोमवार को एसडीएम को आवेदन दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उचित मूल्य दुकान की सेल्समैन कुमारी लक्ष्मी मावसे द्वारा दुकान निर्धारित समय पर नहीं खोली जाती। दुकान कब खुलेगी और राशन का वितरण कब किया जाएगा, इसकी जानकारी भी ग्रामीणों को समय पर नहीं मिलती। इसके कारण राशन लेने के लिए ग्रामीणों को बार-बार दुकान के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

आवेदन में रक्षाबंधन के दिन शासकीय अवकाश होने के बावजूद दुकान खोले जाने का भी उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार इस दौरान कुछ लोगों के अंगूठे लगवाए गए, लेकिन उन्हें तत्काल राशन दिए बिना घर जाने के लिए कहा गया और दोपहर बाद दोबारा राशन लेने के लिए बुलाया गया। यदि यह स्थिति वास्तव में हुई है तो शासकीय अवकाश के दिन दुकान संचालन और राशन वितरण की प्रक्रिया की जांच किया जाना आवश्यक है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि कई बार सेल्समैन द्वारा अपने कर्मचारी से दुकान खुलवाई जाती है। वहीं माह के अंतिम दिनों में ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों को राशन लेने के लिए बुलाए जाने से दुकान पर भीड़ बढ़ जाती है और सभी हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिल पाता। उनका कहना है कि कई बार राशन नहीं मिलने के कारण उन्हें अगले माह तक इंतजार करना पड़ता है। 28 अगस्त को दुकान खोलकर राशन वितरण किए जाने का भी आवेदन में उल्लेख है। ग्रामीणों के अनुसार उस दिन करीब 10 से 20 लोगों को राशन दिया गया, जबकि अन्य ग्रामीणों के अंगूठे लगाए जाने के बावजूद उन्हें राशन एवं मशीन से जनरेट की गई रसीद उपलब्ध नहीं कराई गई। पूछने पर मशीन डिस्चार्ज होने की बात बताते हुए 30 तारीख को राशन देने की जानकारी दी गई। इस पूरे मामले में ई-पॉस मशीन में दर्ज वितरण रिकॉर्ड और वास्तविक राशन वितरण का मिलान जांच का महत्वपूर्ण बिंदु हो सकता है। समस्या केवल दुकान संचालन तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार जोड़ियामऊ गांव में राशन वितरण के लिए शासन स्तर से वाहन पहुंचाने के निर्देश होने के बावजूद वाहन नहीं पहुंचता, जिसके कारण वहां के ग्रामीणों को करीब दो किलोमीटर दूर कछार जाकर राशन लेना पड़ता है। इससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य जरूरतमंद हितग्राहियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसे में शासन के निर्देशों के अनुरूप राशन वितरण वाहन की व्यवस्था वास्तव में की जा रही है या नहीं, इसकी भी पड़ताल जरूरी है। राशन जैसी मूलभूत सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में समय पर दुकान खुलना, पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में राशन मिलना, ई-पॉस मशीन में सही तरीके से वितरण दर्ज होना और हितग्राही को रसीद मिलना महत्वपूर्ण है। ऐसे में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की केवल शिकायत के रूप में दर्ज करने के बजाय दुकान के स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, ई-पॉस मशीन के रिकॉर्ड, राशन उठाव और वास्तविक वितरण का मिलान कर जांच किए जाने से स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित मूल्य दुकान के संचालन में यदि अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही दुकान के संचालन का समय स्पष्ट रूप से निर्धारित कर उसकी जानकारी ग्रामीणों को दी जाए।

पवित्र नगरी में धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में नन्हे-मुन्नों ने दी शानदार प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

पवित्र नगरी मुलताई में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पोदार लर्न विद्यालय में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा की मनमोहक वेशभूषा धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मासूम अदाओं, मनमोहक प्रस्तुतियों और कृष्ण की बाल लीलाओं ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया। जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनकी बाल लीलाओं पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या तन्वी सवाशिरे एवं संचालिका मुनमुन यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में यतेश शिशोदिया, जिला न्यायाधीश, सिविल कोर्ट, मुलताई उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों का अवलोकन करते हुए उनके आत्मविश्वास, प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना की तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या तन्वी सवाशिरे ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, प्रेम, कर्तव्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में इन मूल्यों को आत्मसात करते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। राधा-कृष्ण के रूप में सजे नन्हे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से जन्माष्टमी के उत्सव में चार चांद लगा दिए। विद्यालय परिसर में बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों में पूरे कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

ब्रह्माकुमारी भौरा सेवा केंद्र पर मनाई जन्माष्टमी



भौरा। ब्रह्माकुमारीज भौरा सेवा केंद्र पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की सुंदर झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में बीके अरुणा दीदी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व ही नहीं, बल्कि पवित्रता, प्रेम, शांति, दिव्यता और श्रेष्ठ संस्कारों के प्रतीक हैं। उन्होंने समझाया कि जन्माष्टमी हमें अपने जीवन में दैवी गुणों को धारण करने तथा मन को विकारों से मुक्त कर सच्ची पवित्रता अपनाने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम के दौरान राजयोग मेडिटेशन एवं आध्यात्मिक चिंतन भी कराया गया। इस अवसर पर समस्त बीके भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र से प्रेरणा लेते हुए जीवन में श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति, उमंग और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा।



सलकनपुर धाम की यात्रा का हर्ष के साथ 21वां वर्ष

शाहपुर। शाहपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिलपटी के भक्तों का माता रानी के मंदिर पद यात्रा का 21 वाँ वर्ष है। यह यात्रा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 6 सितंबर 2026 दिन रविवार को सुबह 8:00 बजे खेड़ापति मंदिर सिलपट्टी से प्रारंभ होकर लगभग तीन दिनों में 9 सितंबर 2026 की शाम को सलकनपुर में भव्य कीर्तन भजन एवं पूजन, जागरण कर सुबह वापस आएगी। सभी भक्तगण इस यात्रा में पूरे विश्व में सुख शांति की मनोकामना लेकर माता रानी के मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचेंगे। भक्तों की भक्ति में यात्रा का यह पैदल जत्था भगवा वस्त्र धारण कर सलकनपुर धाम जाएगा।

10 लाख रुपए तक बिजली चोरी के लंबित प्रकरणों के होंगे समझौते


बैतूल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बैतूल द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय बैतूल, सिविल न्यायालय मुलताई और आमला में 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें बिजली चोरी व अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित वितरण केन्द्र, जोन कार्यालय से संपर्क करने की अपील की है।

ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र, ताप्ती सरोवर और शनि सरोवर के सौंदर्यीकरण के लिए सर्वे शुरू

ताप्ती लोक की राह में सत्रह जर्जर दुकानें बनी बड़ी चुनौती

जर्जर घोषित होने के 5 साल बाद भी बाद भी यथावत खड़ी हैं खतरनाक दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई





सूर्यपुत्री मां ताप्ती की जन्मस्थली मुलताई में बहुप्रतीक्षित ताप्ती लोक निर्माण की प्रक्रिया अब प्रारंभ हो गई है। इसके साथ ही ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र, ताप्ती सरोवर और शनि सरोवर के समग्र एवं व्यापक विकास तथा सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना तैयार करने के लिए सर्वे कार्य भी शुरू कर दिया गया है। ऐसे में वर्षों से ताप्ती तट पर जर्जर अवस्था में खड़ी नगर पालिका की 17 दुकानों का मुद्दा एक बार फिर प्रमुख चुनौती के रूप में सामने आया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ताप्ती सरोवर के सर्वांगीण विकास और सौंदर्यीकरण की योजना इन जर्जर दुकानों के रहते प्रभावी रूप से मूर्त रूप ले सकेगी? अथवा वर्षों से विवाद और प्रशासनिक कार्रवाई के बीच अटकी इन दुकानों का कोई सौहार्दपूर्ण एवं स्थायी समाधान निकालकर ताप्ती तट को विकास के लिए पूरी तरह मुक्त किया जाएगा। ताप्ती तट पर स्थित इन 17 दुकानों को पिछले एक दशक में कई बार हुई जांच में जर्जर, कंडम और संभावित रूप से खतरनाक बताया जा चुका है। वहीं हाईकोर्ट के निर्णय के आधार पर जिला कलेक्टर द्वारा 90 दिन की समयसीमा में इन दुकानों को हटाने के आदेश दिए जाने के कई महीने बाद भी दुकानें आज तक यथावत खड़ी हैं। नगरवासियों का कहना है कि मुख्य मार्ग से ताप्ती सरोवर और इसके आसपास स्थित मंदिरों का वैभव एवं धार्मिक स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई दे, इसके लिए वर्षों पहले निर्मित हो चुकी इन जर्जर दुकानों को हटाना जरूरी है। हालांकि उनका यह भी मानना है कि दुकानदारों के साथ बातचीत कर उन्हें वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकारात्मक समाधान निकाला जा सकता है।

दुकानों की जर्जर हालत पर कई बार जताई जा चुकी है चिंता,

ताप्ती तट पर बनी 17 दुकानों की जर्जर स्थिति को लेकर पिछले कई वर्षों से प्रशासन और नगर पालिका स्तर पर चिंता जताई जाती रही है। प्रदेश में जब भी किसी जर्जर भवन अथवा निर्माण के गिरने से बड़ी दुर्घटना होती है, उसके बाद इन दुकानों की स्थिति की जांच भी कराई जाती रही है। बीते करीब एक दशक में इन दुकानों की कई बार जांच की जा चुकी है और प्रत्येक बार इनके निर्माण की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता सामने आई है। 17 जुलाई 2021 को नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने भी इन 17 दुकानों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान स्थिति इतनी जर्जर बताई गई थी कि दुकानों में बांस लगाने के दौरान ही छत का हिस्सा टूटने लगा था। जांच दल में शामिल तत्कालीन लोक निर्माण विभाग के एसडीओ एके जैन ने बताया था कि दुकानों के निर्माण की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने बताया था कि बांस लगाने से ही छत टूट रही है। निर्माण में उपयोग किया गया 10 एमएम का लोहा भी जंग लगने के कारण लगभग 2 एमएम तक रह गया है। ऐसी स्थिति में इन दुकानों में किसी गंभीर हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद अब तक इन दुकानों को हटाने की कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी है।

हर बार कार्रवाई के प्रयास, लेकिन नहीं निकल पाया स्थायी समाधान

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी इन दुकानों को हटाने की प्रक्रिया शुरू होती है, किसी न किसी कारण से मामला आगे नहीं बढ़ पाता। राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर इच्छाशक्ति के अभाव के चलते यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। हालांकि अब परिस्थितियां बदल रही हैं। एक ओर ताप्ती लोक निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, वहीं दूसरी ओर ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र, ताप्ती सरोवर और शनि सरोवर के सौंदर्यीकरण के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। ऐसे में ताप्ती तट की इन 17 दुकानों का स्थायी समाधान करना पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है। यदि समय रहते इन दुकानों का समाधान नहीं किया गया तो एक ओर ताप्ती लोक की विकास योजना प्रभावित हो सकती है, वहीं दूसरी ओर जर्जर निर्माण के कारण किसी गंभीर दुर्घटना की आशंका भी बनी रहेगी।

समाधान निकाला जाएगा

17 दुकानों का शीघ्र ही समाधान निकाला जाएगा। दुकानों को हस्तांतरित करने के लिए नगर पालिका द्वारा भूमि की तलाश की जा रही है। 17 दुकानों के निर्माण के लिए टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है। भूमि उपलब्ध होते ही इस समस्या का सकारात्मक समाधान निकाल लिया जाएगा।

वीरेंद्र तिवारी,
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुलताई

ताप्ती सौंदर्यीकरण के लिए दुकानों का हटना जरूरी

ताप्ती सरोवर केवल एक जलाशय नहीं, बल्कि मुलताईवासियों की धार्मिक आस्था और नगर की पहचान का प्रमुख केंद्र है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसे मां ताप्ती का उद्गम स्थल और ताप्ती कुंड माना जाता है। यहीं से मां ताप्ती तीन राज्यों को सुख, समृद्धि और जीवनदायिनी जलधारा प्रदान करने के लिए आगे बढ़ती हैं। यही कारण है कि ताप्ती सरोवर और इसके आसपास के क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण को लेकर लंबे समय से मांग उठती रही है। लेकिन जब भी ताप्ती तट के सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना की बात आती है, ये 17 दुकानें सबसे बड़ी अड़चन के रूप में सामने आती हैं। बताया जाता है कि निर्माण के समय जिन लोगों को ये दुकानें आवंटित की गई थीं, उनमें से अधिकांश व्यापारी अब बदल चुके हैं। कई दुकानदारों ने अपना व्यवसाय अन्य स्थानों पर स्थानांतरित कर लिया है, जबकि कुछ दुकानें किराए पर संचालित हो रही हैं ऐसे में स्थानीय लोगों का मानना है कि दुकानदारों और नगर प्रशासन के बीच संवाद स्थापित कर इस समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। दुकानदार भी ताप्ती सरोवर की धार्मिक महत्ता को देखते हुए विकास कार्य का विरोध नहीं करना चाहते, लेकिन उनकी प्रमुख मांग है कि उन्हें वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराकर व्यवस्थित रूप से पुनर्वासित किया जाए।

ताप्ती लोक के साथ मिल सकता है समस्या का स्थायी समाधान,

ताप्ती लोक की प्रस्तावित विकास योजना से मुलताई के धार्मिक और पर्यटन महत्व को नई पहचान मिलने की उम्मीद है। ऐसे में ताप्ती तट की 17 जर्जर दुकानों को लेकर अब नगर प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती है—एक ओर संभावित दुर्घटना को रोकना और दूसरी ओर ताप्ती सरोवर के सौंदर्यीकरण एवं विकास में आ रही बाधा को दूर करना। यदि प्रशासन व्यापारियों के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें वैकल्पिक स्थान उपलब्ध करा देता है तो वर्षों पुरानी इस समस्या का स्थायी समाधान निकल सकता है। इसके साथ ही ताप्ती सरोवर का तट अधिक सुंदर, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

CHANGE OF NAME

I, Smt. **GUNTA DEVI** is legally wedded wife of No.- 13857206X SEP BHIM RAO (Retd) resident of VPO. – Ramli, Teh. – Multai, Distt.- Betul (MP), PIN-460551, have changed my name from **GUNTA DEVI** to **GUNTA DESHMUKH** vide affidavit dated 03/09/2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt - Betul (MP).

CHANGE OF NAME SELF

I, No.- 4573908A L/Nk **NAND KISHOR** (Retd) Son of Bhimchand residing at House No.- 427, Vill.- Badora, The.& Distt. – Betul (MP), PIN – 460001 have changed my name from **NAND KISHOR** (As recorded in my service documents) to **NANDKISHOR CHOURE** vide affidavit dated 03/09/2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt. - Betul (MP).

खबर संक्षेप

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का होगा विशेष सम्मान



पचमढ़ी। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, नवाचार और समर्पित सेवा के लिए स्थानीय शिक्षक ओम प्रकाश विश्वकर्मा को आगामी 5 सितंबर 2026 (शिक्षक दिवस) के शुभ अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार प्राप्ति की घोषणा होते ही शैक्षणिक जगत और स्थानीय समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। सहकर्मियों, विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।
श्री ओमप्रकाश विश्वकर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता, अपने विद्यार्थियों, सहयोगी शिक्षकों और विभाग के समस्त अधिकारियों के मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने की नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

यादव समाज सेवा समिति निकालेगी चल समारोह

माखननगर। श्री कृष्ण जन्मोत्सव नगर में उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाएगा जिला यादव समाज सेवा समिति नर्मदापुरम द्वारा गायत्री मंदिर से आरी रोड तक शुक्रवार को भव्य चल समारोह निकाला जाएगा जिला अध्यक्ष संतोष यादव बाबूजी एवं ब्लॉक अध्यक्ष सिया लाल यादव ने समस्त क्षेत्र वासियों से शोभा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

श्रद्धा और उत्साह से मनेगी जन्माष्टमी

माखननगर। पवित्र भादो मास की अष्टमी कृष्ण जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है इस बार भी नगर में कृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी सेनानी परिवार के पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष दीपक वर्मा संजय वर्मा ने बताया मनुष्य मिलन साधना परिवार द्वारा 4 सितंबर को कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर राधा कृष्ण माहेश्वरी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी वही इस्कॉन मंदिर द्वारा भी जन्माष्टमी पर उत्सव मनाया जाएगा मंगलदीप गार्डन में शाम 6: बजे से रात्रि 12: बजे तक जन्माष्टमी पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

ई टोकन प्रणाली के बाद भी परेशान हो रहे किसान, अन्य जिलों तक खाद लेने जाने को विवश

सोहागपुर के किसान को मिला छिंदवाड़ा जिले की दुकान से खाद का ई-टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सरकार ने किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध कराने के लिए ई टोकन प्रणाली शुरू की। लेकिन तब भी किसान परेशान हैं। हालिया स्थिति में सोहागपुर के किसानों को छिंदवाड़ा जिले से खाद लाना पड़ा एवं अतिरिक्त राशि भी चुकानी पड़ी है।

सोहागपुर क्षेत्र के ग्राम रेवा बनखेड़ी के कृषक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गत दिनों उन्होंने ई विकास प्रणाली के माध्यम से अपने परिवार के तीन कृषि रकबों पर डीएपी लेने के लिए पोर्टल पर डाटा अपलोड किया। तो उन्हें छिंदवाड़ा जिले के झिरपा की दुकान से डीएपी लेने का टोकन मिला। किसान के पुत्र ने नौ कट्टी डीएपी लाने के लिए 2500 में एक वाहन किराए पर लिया। तथा बुधवार को झिरपा की संबंधित दुकान से डीएपी लिया और देर रात उनकी वापसी हो सकी। किसान का कहना है कि वे अकेले नहीं है जिन्हें सोहागपुर के अलावा अन्य क्षेत्रों से डीएपी लेना पड़ा है। किसान ने बताया कि इस तरह की अव्यवस्था से बहुत परेशानी हो रही है तथा उन्हें लंबा समय डीएपी लेने के लिए अन्य क्षेत्रों में तक आने व जाने में व्यय करना पड़ रहा है।

चुकाई अतिरिक्त कीमत

किसान वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने झिरपा की दुकान से नौ बोरी डीएपी लिया। जिस पर उन्हें प्रति बोरी 30 रुपए अतिरिक्त भुगतान करने की बात दुकानदार ने कही। मजबूरी में उन्होंने 30 रुपये प्रति बोरी अतिरिक्त कीमत चुकाई है। वहीं प्रतिबोरी 5 की राशि उन्हें हम्माली की भी देनी पड़ी। इसके अलावा किराए पर लिए गए वाहन के 2500 उन्हें अलग से चुकाने पड़े। इस तरह लगभग 1350 रुपए में मिलने वाली डीएपी की एक बोरी के बदले किसान को लगभग 1660 रुपए व्यय करने पड़े। इसके अलावा लगभग तीन से चार घंटे की यात्रा में चाय नाश्ते का अतिरिक्त व्यय भी किसान को करना पड़ रहा है।

पोर्टल में सुधार की मांग

किसानों ने सरकार से मांग की है कि ई टोकन पोर्टल पर उचित व्यवस्था की जाए, जिससे किसान अपने ब्लॉक की दुकानों से डीएपी व यूरिया आसानी से खरीद सकें। इससे किसानों का बहुत समय बचेगा। यद्यपि किसानों ने खुलकर कहा कि प्रतिबोरी पर अतिरिक्त राशि तो तब भी उन्हें देनी ही पड़ेगी। लेकिन अन्य स्थानों पर जाने के लिए किराए पर लिए जाने वाहन की भाड़े की राशि तथा व्यय होने वाले समय की बचत होगी। और किसान अपना समय अपने खेत में फसल की देखरेख में बिता सकेंगे। देखना होगा कि प्रशासन इस विषय पर कुछ कर पता है अथवा नहीं।

तय रहता है रकबा

किसान जगदीश पटेल ने बताया कि फसल की गिरदावरी के समय प्रशासन को प्रत्येक ब्लाक क्षेत्र में बोई जाने वाली तय फसल के रकबे की जानकारी लग जाती है। इससे प्रशासन एवं कृषि विभाग इस बात का आंकलन आसानी से कर सकते हैं कि संबंधित किसी फसल विशेष के लिए किसानों को कितने खाद की जरूरत होगी। इस हिसाब से शासकीय खाद वितरण केंद्र अथवा निजी वितरण केंद्रों पर खाद स्टाकिंग व्यवस्था आसानी से की जा सकती है। इस तरह किसानों को अपने ही ब्लॉक में खाद की प्राप्ति हो सकेगी।

तय संख्या में बुक होते हैं टोकन

हरिभूमि प्रतिनिधि ने सोहागपुर एसएडीओ एसके बर्डे से चर्चा की। उन्होंने बताया कि डीएपी पर्याप्त है। लेकिन प्रतिदिन 200 टोकन सरकारी डबल लॉक के एवं 150 टोकन निजी खाद दुकानों के खुलते हैं। इतने टोकन बुक होने पर सोहागपुर के किसान खाद बुकिंग के लिए पोर्टल पर जाते हैं तो उन्हें अन्य जिलों के टोकन मिलते हैं। बर्डे ने कहा कि एक बार का टोकन 72 घंटे लॉक रहता है। तब तक टोकनधारी खाद नहीं लेता है तो लॉक खुल जाता है और बुक्ड लॉट पुनः विक्रय के लिए उपलब्ध रहता है।

इनका कहना है

ना हों परेशान- "किसानों से अपील है कि वे परेशान ना हों व जानकारी लेते रहें। सोहागपुर में पर्याप्त डीएपी है। इस बात का ध्यान रखें कि समय पर टोकन बुक कराएं।"-
एसके बर्डे, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, सोहागपुर।

खरपतवार नाशक छिड़कने पर सूखी धान की फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

क्षेत्र के ग्रामों में धान की फसल पर खरपतवार नाशक दवा छिड़कने पर फसल सूखने लगी है। इस स्थिति से किसानों में असंतोष, नाराजगी एवं चिंता का माहौल छा गया है। किसानों ने बताया कि पथरई, भौंखेड़ी पालादेवरी व अन्य गांवों के खेतों में लगी धान फसल पर खरपतवार नाशक दवा के छिड़काव के बाद फसल सूखने लगी है। किसानों का कहना है कि बिल सुपर फोनेक्स 9.3 ईसी दवा छिड़कने के बाद धान की फसल सूखने और गलने लगी है। कई एकड़ में इस स्थिति से बहुत आर्थिक नुकसान की संभावना है। बताते हैं कि मामले में कृषि उप संचालक कृषि नर्मदापुरम ने जांच दल गठित किया है, जो शिकायती क्षेत्र के खेतों का निरीक्षण करेगा तथा फसल नुकसान का जांचकर पंचनामा तैयार करेगा। दवा के नमूनों की भी मानक अनुरूपता जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

सोहागपुर में बायपास निर्माण ज़रूरी, रोजाना लगता है हाईवे पर जाम



सोहागपुर। सोहागपुर शहर में स्टेट हाईवे पर जाम लगना रोजाना की समस्या बन चुकी है। समस्या निराकरण का एकमात्र उपाय प्रस्तावित बायपास निर्माण से ही हो सकता है। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर में बायपास स्वीकृत है, लेकिन निर्माण नहीं हो रहा है। तथा नागरिकों को रोजाना स्टेट हाईवे पर जाम का सामना करना पड़ सकता है। विशेषकर गुरुवार के हाट बाजार दिवस को शहर के बीच स्थित मुख्य बाजार एवं इससे लगे स्टेट हाईवे पर जाम लगता है। नागरिकों ने समस्या निराकरण के लिए प्रशासन से अपेक्षा की है कि बायपास निर्माण कराया जाए।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

म प्र जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर जिला नर्मदापुरम ने सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम गूजरवाड़ा के भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी जगतगुरु योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण का जन्म (प्राकट्योत्सव) उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव ने भगवान श्री कृष्ण लीला ,नीति और आदर्श को छात्रों को बताया कृष्ण के भक्त मीरा ,राधा ,रसखान का दृढ़ विश्वास, आस्था, श्रद्धा का मार्गदर्शन कर शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। नवांकुर संस्था सचिव मनोज कुमार परसाई ने भगवान श्री कृष्ण के द्वारा श्रीमद भागवत गीता के अनुसार श्री कृष्ण के द्वारा अपने कर्तव्य, निष्ठा ,उत्तरदायित्व ,अपना कर्म ईमानदारी पूर्वक करने का संदेश दिया।

सांदीपनि विद्यालय में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर अनुसार शासकीय सांदीपनि विद्यालय में गुरुवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुषमा पीपरे, संस्था प्राचार्य के के दुबे, बीआरसी कमलेश वर्मा, सपना गौर, रितु दुबे एवं विकासखंड क्रीडा प्रभारी सुनील शर्मा द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं अक्षत, पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन पिपरिया विकासखंड के कीड़ा प्रभारी अरविंद शर्मा द्वारा किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में जिले के 6 विकासखंडों के बालक बालिकाओं की 70 टीमों के लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस खेल प्रतियोगिता में बालक 14 वर्ष विजेता नर्मदा पुरम उपविजेता माखननगर, बालिका 14 वर्ष विजेता नर्मदापुरम उपविजेता पिपरिया,बालक 17 वर्ष विजेता सिवनी मालवा उप विजेता माखननगर, बालिका 17 वर्ष विजेता सुहागपुर उपविजेता नर्मदापुरम, बालक 19 वर्ष विजेता नर्मदापुरम उपविजेता सुहागपुर बालिका 19 वर्ष विजेता सुहागपुर उप विजेता सिवनी मालवा रहे। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को जिला कीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी द्वारा ट्राफी प्रदान की गई। इस अवसर पर विभिन्न विकासखंडों से पधारे खेल शिक्षक बख्तावर खान मुकेश गोस्वामी, अर्पण दुबे, राकेश सराठे, आदर्श पाराशर, कलीराम अहिरवार आदि मौजूद रहे।

जंगल को प्लास्टिक पन्नी पॉलिथीन मुक्त करने संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



विगत कई वर्षों से पचमढ़ी के प्राकृतिक प्रेमी घनश्याम मालवीय पैसे से गाईड एवं फोटोग्राफ है। वह पचमढ़ी के व्यू प्वाइंटो पर अपना गाईड करते हुए प्राकृतिक की भी चिंता करते है। जहां भी उन्हें प्लास्टिक की खाली बोतल, पन्नी एवं वह सभी वस्तुएं जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती दिखाई देती है तो वो बीनना शुरू कर देते है। मालवीय को देखकर कई गाईड उनके साथ समय समय पर जंगल की सफाई में उनका साथ देते है

कुछ वर्ष पूर्व मालवीय ने समस्त गाइडों के सहयोग से प्लास्टिक लाओ ओर शक्कर ले जाओ अभियान भी चलाया था। जिसे नगर के समस्त राजनीतिक दल,स्थानीय नागरिको एवं छावनी परिषद, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने खूब सराहा था। इसी को देखते हुए छावनी परिषद ने भी बहुत समय तक इसी योजना पर काम किया था। मालवीय लगातार जंगलों एवं जानवरों की सुरक्षा ओर प्रकृति के प्रति जागरूकता का कार्य करते भी देखे जाते हैं।

मतदाता शुद्धिकरण व दावे आपत्ति आवेदन निराकरण के लिए प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रारंभ तैयारी शुरू हो गई है विधानसभा 138 सोहागपुर तहसील माखन नगर के 145 मतदानकेंटो बीएलओ एवं सुपरवाइजर की बैठक का आयोजन जनपद पंचायत सभा हॉल माखननगर आयोजित की गई जिसमें सुनीता साहनी तहसीलदार ने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2027 की तैयारियां में समस्त बीएलओ को मतदान केंद्र की मूलभूत सुविधाएं ए एम एफ डेमो ग्राफिकल सिमिलर एंट्री और फोटो ग्राफिकल सिमिलर एंट्री का तत्काल निराकरण दावे आपत्ति आवेदनों के संदर्भ में प्रारूप 6 नाम जोड़े जाने प्रारूप 7 विलोपन और प्रारूप 8 शिफ्टिंग कलेक्शन पीडी मैपिंग डुप्लीकेट परिचय पत्र एंट्री का आकलन कर आवश्यकता अनुसार फॉर्म की डिमांड सहित मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किया।

विद्युत विभाग ने संपर्क अभियान शिविर आयोजित



पचमढ़ी। को वार्ड नं 2 आंगनबाड़ी केन्द्र मे विद्युत मंडल द्वारा सम्पर्क अभियान 2026 के तहत शिविर लगाया गया। वार्ड नं 2 के उपभोक्ताओ ने शिविर मे आकर विद्युत योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले लाभ की जानकारी ली साथ ही अपनी शिकायतो का निराकरण भी कराया। शिविर में विद्युत मंडल से महेश झड़वड़े एवं स्टाफ साथ ही भाजपा मंडल से शिशिर राठी एवं साकेश जैन ने शिविर में पहुंचकर हितग्राहियों की समस्या का समाधान करवाया।

शिक्षिका को आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले प्राचार्य को किया गया बहाल

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हतवास के शासकीय हाई स्कूल में पदस्थ रहे प्राचार्य एस के श्रीवास्तव ने विगत दिनों एक शिक्षिका को वाट्सएप पर आई लव यू का मैसेज भेजा गया था। जिसके मामले में उक्त प्राचार्य को निलंबित कर दिया गया था। जिसकी जांच कराई जा रही थी। लेकिन अभी वर्तमान में सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त मामले में संलिप्त प्राचार्य एस के श्रीवास्तव को जिला शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित सभी अधिकारियों के सहयोग से शासकीय हाई स्कूल सिंगानामा पंचायत कू विद्यालय में प्राचार्य के पद पर वहाल करते हुए पदस्थ किया गया है। लेकिन अभी तक जांच प्रतिवेदन पंचनामा तैयार की जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन अब सर्विस बुक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधीनस्थ रहेगी। याद रहे कि यह मामला काफी समय तक चर्चा में रहा था। इस मामले में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी ने बताया कि अभी संबंधित मामले में कोई कार्यवाही की जानकारी नहीं है। लेकिन प्राचार्य सुरेश श्रीवास्तव को व्हाल कर सिंगानामा के विद्यालय में पदस्थ किया गया है।


राजस्थानी भेड़ व ऊंट बर्बाद कर रहे किसानों की फसल

सोहागपुर। सोहागपुर क्षेत्र में इन दिनों राजस्थान से लाए गए भेड़ों एवं ऊंटों के झुंड मालिकों सहित डेरा डले हुए हैं। ये पालतू मवेशी किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। जिसकी शिकायत भी जनसुनवाई में व सोहागपुर थाने में की जा चुकी है। लेकिन इसके बाद भी किसानों को राहत नहीं मिल पा रही है। मामले में एक कृषक रमेश कुमार रघुवंशी वल्द कोमल सिंह रघुवंशी मुकाम अंबेडकर वार्ड तोहागपुर ने बताया कि उन्होंने थाने में तथा जन सुनवाई में शिकायत की है। जिसके अनुसार आवेदक की ग्राम समनापुर के पास स्थित कृषि भूमि में सोयाबीन की फसल लगी है। राजस्थान से लाए गए ऊंट एवं भेड़ों के मालिकों द्वारा आवेदक की अनुमति बगैर खेत के समीप तंबू तान लिए। अब राजस्थानी मवेशी फसल को नुकसान पंहुचा रहे हैं। आवेदक द्वारा समझाने पर भेड़ तथा ऊंट के मालिक व चरवाहे झगड़ते हैं। आवेदक के कर्मचारी से भी गत दिनों मवेशी पालकों ने अभद्रता की। रात्रि में शराबखोरी कर चरवाहे क्षेत्र में गलत गतिविधियां संचालित करते हैं। जिससे माहौल खराब हो रहा है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनीष भाट आत्मज श्री बाबूलाल भाट निवासी बालाजी मंदिर के पास, शिवपुरी मोहल्ला, इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम ने सम्पत्ति स्वामी श्री राजीव कुमार दीवान पिता श्री रविशंकर दीवान निवासी म.नं. 101, वार्ड नं. 06, ग्राम सोनतलाई, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति मौजा मेहरागांव परिवर्तित क्षेत्र शहर इटारसी, परि. खसरा नंबर 115, शीट नंबर 37, प्लाट नंबर 7/2 का रकबा 1440 वर्गफुट प्लाट जिस पर एक मंजिला पक्का लेंटरपोश आवासीय मकान निर्मित है, जो पुराना वार्ड नं. 18, शिवपुरी, वर्तमान वार्ड नं. 23, अहिल्या नगर, जमानी वालों की चाल, गांधीनगर, इटारसी, जिला नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश, जिसके पूर्व में शर्मा जी का मकान, पश्चिम में कृष्णा बाई दीवान का मकान, उत्तर में रास्ता एवं दक्षिण में रास्ता स्थित है, को क्रय करने का लिखित अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है। उक्त संपत्ति पर किसी शासकीय अथवा अशासकीय संस्थान या किसी व्यक्ति के पास भारग्रस्त हो या उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति का हित, हक या उक्त सौदे पर किसी को आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति मूल दस्तावेज के आधार पर किसी के पास बंधक हो, तो वह 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे निम्न पते पर संपर्क करे। अवधि गुजर जाने के उपरांत मैं उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री स्वयं के पक्ष में करा लूँगा। उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

भवदीय **अनीष भाट**
आत्मज श्री बाबूलाल भाट निवासी बालाजी मंदिर के पास, शिवपुरी मोहल्ला,इटारसी, तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम्
मो : 9907774647



सौजन्य : हेमंत यादव पिंकी मित्रमंडल



सौजन्य : जिला यादव समाज सेवा समिति नर्मदापुरम्

खबर संक्षेप



चित्तौड़गढ़-भुसावल नेशनल हाईवे पर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

झिरन्या। चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय राजमार्ग के झुमकी (हेलापड़ाव घाट) पर बीती रात करीब 11 बजे नारियल से भरा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार ट्रक तमिलनाडु से नारियल भरकर दिल्ली की ओर जा रहा था। घाट के मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे ट्रक पलट गया और नारियल सड़क पर बिखर गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। गुरुवार सुबह क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सीधा किया गया और सड़क पर यातायात सुचारू किया गया। पुलिस चौकी हेलापड़ाव के प्रभारी नंदकिशोर रॉय ने बताया कि इसके बाद ट्रक दिल्ली की ओर रवाना हो गया।

किसान 7 से आनंद नगर मंडी में लाएं कपास

खरगोन। कृषि उपज मंडी समिति खरगोन में नवीन कपास सीजन का मुहूर्त 7 सितंबर सोमवार को प्रातः 10.30 बजे आयोजित होगा। नवीन कपास सीजन के शुभारंभ के अवसर पर मंडी परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कृषि उपज मंडी समिति खरगोन ने जिले के समस्त किसान बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे अपनी कृषि उपज कपास का विक्रय 7 सितंबर 2026 से आनंद नगर कपास मंडी में करें। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित दिन से ही अपनी उपज मंडी में विक्रय के लिए लेकर आएं।

सर्व ब्राह्मण समाज संगठन शिक्षकों का सम्मान करेगा

हरदा। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में स्व. मनोहरलाल शर्मा की स्मृति में परशुराम शिक्षा रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। संगठन के महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया ने बताया कि 5 सितंबर को दोपहर 4 बजे से मां रेवा गार्डन में सर्व ब्राह्मण समाज के शिक्षक शिक्षिकाओं को परशुराम शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने ब्राह्मण समाज के रिटायर्ड टीचर्स सहित निजी एवं सरकारी संस्थानों में अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

24 घंटों में जिले में 2.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 2.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 1.3 मि.मी., टिमरनी में 9.5 मि.मी., खिरकिया में 1.4 मि.मी., सिराली में 1.5 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 642.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 668 मि.मी., टिमरनी में 683.8 मि.मी., खिरकिया में 733.8 मि.मी., सिराली में 569.6 तथा रहटगांव में 555.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 3 सितम्बर तक 973 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 3 हजार का इनाम

हरदा। पुलिस अधीक्षक शशांक ने थाना टिमरनी के अपराध क्रमांक 453/2026 धारा 119(1), 296(बी), 115(2), 351(3) बीएनएस में फरार आरोपी ऋषभ चौरे पिता जितेन्द्र चौरे उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2 इंदिरा कॉलोनी लाईन पार टिमरनी की तलाश एवं पतारसी हेतु 3 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। एसपी ने बताया जो व्यक्ति फरार आरोपी को गिरफ्तार करेगा या करवाएगा या ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचनाकर्ता को आरोपी की गिरफ्तारी के लिये इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

टिमरनी में मुख्यमंत्री जन विश्वास संवाद शिविर आयोजित किया

हितग्राहियों को मिले हितलाभ, आमजन की समस्याओं का किया गया निराकरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत गुरूवार को टिमरनी के फारेस्ट डीपो नीलामी हॉल में क्लस्टर स्तरीय संवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किये गये। साथ ही आमजन की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान विभिन्न अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर नगर पारिषद अध्यक्ष देवेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। साथ ही पात्र हितग्राहियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। आमजन से अपेक्षा है कि इस अभियान का लाभ उठाएं।

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि शिविर स्थल पर फार्मर रजिस्ट्री, समग्र व आधार में सुधार, आयुष्मान कार्ड तैयार करने जैसे कार्य किये जा रहे है, जिससे ग्रामीण अपने कार्य स्थानीय स्तर पर करा सकते हैं। उन्होने किसानों से अपील की कि वे सहकारी समिति में अपनी सदस्यता अवश्य लें ताकि उर्वरक सुगमता से मिल सके। कलेक्टर ने बताया कि शिविर में 184 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका समय सीमा में निराकरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक ने आमजन से दुपहिया वाहन पर हेल्मेट लगाने एवं कार में सीट बेल्ट अवश्य उपयोग करने की अपील की ताकि दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। उन्होने सायबर फ्राड से बचने के लिये भी आमजन को जागरूक किया। क्लस्टर स्तरीय जन विश्वास शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया गया। इस दौरान पीएम आवास योजना के तहत 20 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, पीएम स्वनिधि योजना के तहत 12 हितग्राहियों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 4 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। इसके अलावा कार्यक्रम में 9 हितग्राहियों को जाति प्रमाण-पत्र, 8 हितग्राहियों को खसरा नकल, एक हितग्राही को वृद्धावस्था पेंशन, 2 कृषकों को जैविक खेती प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान 45 संबल पंजीयन कार्ड तथा 2 प्रकरणों में अनुग्रह सहायता स्वीकृति पत्र भी प्रदान किये गये।

दी योजनाओं की जानकारी

क्लस्टर स्तरीय शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के स्टाल भी लगाये गये थे। साथ ही आधार कार्ड पंजीयन शिविर, स्वास्थ्य शिविर, फार्मर आईडी बनाने हेतु राजस्व शिविर भी आयोजित किये गये थे। जन विश्वास कार्यक्रम में उद्योग विभाग द्वारा उद्यम संवाद कार्यक्रम के तहत उद्यमियों से संवाद किया गया। उद्यम संवाद कार्यक्रम में कृषि विभाग टिमरनी द्वारा जैविक हाट बाजार के संबंध में जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने किया संस्थाओं का निरीक्षण

छात्रावास में छात्राओं की आवासीय भोजन व पेयजल व्यवस्था देखी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने टिमरनी में छात्रावास, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपभोक्ता भंडार, मुक्ति धाम, माध्यमिक शाला व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास, सीनियर एससी एसटी छात्रावास के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास में छात्राओं की आवासीय व्यवस्था देखी। उनके स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली तथा भोजन एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने छात्रावास में रचनात्मक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि सभी छात्रावासों में योग की कक्षाएं नियमित आयोजित की जाए। उन्होने कहा कि अंग्रेजी की पढ़ाई के लिये विशेष व्यवस्था की जाए। सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में बन्द पड़ी बायोमेट्रिक हाजरी मशीन को चालू कराने के निर्देश दिये।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक वार्ड क्रमांक 15 में निरीक्षण के दौरान भवन में पानी का कनेक्शन जुड़वाने के निर्देश दिये गये। साथ ही छात्रावासों में रह रहे सभी बच्चों की आभा आईडी तैयार करने के भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि क्लिनिक में स्टाफ नियमित अपनी सेवाएं दें।

प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार के निरीक्षण के दौरान अपात्र उपभोक्ताओं के नाम काटने के निर्देश दिये गये। साथ ही दुकान के सामने खुले नाले को बन्द करने के लिये भी नगर पालिका के अधिकारी को निर्देशित किया गया। वार्ड क्रमांक 7 की आंगनवाड़ी के निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी की गतिविधियों की जानकारी ली एवं पोषण आहार वितरण व्यवस्था देखी। उन्होने आंगनवाड़ी में कुपोषित बच्चों के संबंध में भी जानकारी लेकर बच्चों को सुपोषण की स्थिति में लाने के निर्देश दिये। मुक्तिधाम निरीक्षण के दौरान यहां काष्ठ भण्डारण कक्ष की छत की मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये। इसी तरह नगर पालिका माध्यमिक शाला के निरीक्षण के दौरान प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को बैठने के लिये बैंचेज उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कक्षाओं, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था एवं बच्चों के टायलेट का भी निरीक्षण किया।

मेनिट के विद्यार्थियों ने कलेक्टर से की चर्चा

विद्यार्थियों ने अपने मैदानी अनुभवों को कलेक्टर के साथ किया साझा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मेनिट), भोपाल के 35 विद्यार्थियों ने हरदा जिले का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने मैदानी अनुभवों को कलेक्टर के साथ साझा किया। विद्यार्थियों ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने जिले के बुनियादी ढांचे से जुड़े सुझाव दिए। उन्होंने स्थानीय आवश्यकताओं और तकनीकी सुधारों पर अपना फीडबैक साझा किया। कलेक्टर जैन ने युवाओं के इन रचनात्मक विचारों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली और मैदानी चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने बताया कि जिले में कृषि के क्षेत्र में जिले में काफी संभावनाएं हैं। हम जिले में औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करेंगे। जिले में रोड़ कनेक्टीविटी के लिये भी प्रयास किये जा रहे है। गांवों में कचरा गाड़ियों के माध्यम से संग्रहित किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस दौरान विद्यार्थियों को जिले में भविष्य की संभावनाओं व किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी।

बाल रंग महोत्सव में गूंजी प्रतिभाओं की स्वर लहरियां, मंच पर बिखेरा हुनर का जलवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

स्थानीय डॉ. बी.आर. अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, हरदा में गुरुवार को विकासखंड स्तरीय बाल रंग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए साहित्यिक, सांस्कृतिक, संस्कृत भाषा, उर्दू सहित विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। बाल रंग महोत्सव के अंतर्गत संस्कृत वेदपाठ, संस्कृत भाषण, संस्कृत निबंध, सुगम संगीत, एकल वादन, सामूहिक लोकगीत, तात्कालिक भाषण, लोकनृत्य, वाद-विवाद, कव्वाली, प्रश्न मंच, कविता पाठ, सुलेख एवं कहानी लेखन सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में डॉ. बी.आर. अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, हरदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्कृत वेदपाठ, संस्कृत भाषण, संस्कृत निबंध, सुगम संगीत, एकल वादन, सामूहिक लोकगीत एवं तात्कालिक भाषण में प्रथम स्थान प्राप्त किया।वहीं शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हरदा ने लोकनृत्य, वाद-विवाद (विपक्ष), कव्वाली एवं प्रश्न मंच विधाओं में प्रथम स्थान हासिल किया।

माय किड्स एकेडमी, हरदा के विद्यार्थियों ने कनिष्ठ वर्ग कविता पाठ, कनिष्ठ वर्ग निबंध तथा कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के वाद-विवाद में पक्ष एवं विपक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हरदा ने स्वरचित कविता, सुलेख, कहानी लेखन एवं कविता पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हंडिया के प्राचार्य संतोष रंगीले, शासकीय सांदीपनि विद्यालय अबगांव कला के प्राचार्य संतोष मालवीय एवं हाई स्कूल रन्हाई कला एवं जिला स्काउट गाइड सचिव पुरुषोत्तम राठौर ने निभाई।कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्था के प्राचार्य संतोष कुमार यादव ने कहा कि विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी आगामी जिला स्तरीय बाल रंग महोत्सव में प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की संस्कृत भाषा शिक्षिका एवं कार्यक्रम प्रभारी हेमलता अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर संस्था की संगीत शिक्षिका प्रियंका सोनी, जागृति पाठक, श्रीलता कुट्टी , पालक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष, एवं प्रबल पवार, सुमित्रा गावंडे, अवंतिका दुबे एवं अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

पिनेकल एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया

बच्चों ने भगवान की लीलाओं की प्रस्तुति के साथ दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नंद के आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की,हाथी घोड़ा पालकी,जय कन्हैया लाल की, के जयकारो के साथ पिनेकल एकेडमी में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चे सुंदर परिधान में श्रीकृष्ण एवं राधा के रूप में सजकर आए। वहीं उनकी नयनाभिराम प्रस्तुतियों पर खूब सराहना मिली। जन्मोत्सव के दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता, राधा कृष्ण नृत्य एवं नाटक का आयोजन हुआ। बच्चों ने राधा कृष्ण की सजीव सुंदर झांकी प्रस्तुत की जो सराही गई। संस्था के संचालक अब्दुल सईद खान ने बच्चों को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण, पृथ्वी पर अन्याय,अत्याचार एवं दुष्टों का विनाश कर धर्म की स्थापना के लिए हुआ है। हमे उनके द्वारा दिए गए संदेश का पालन करना चाहिए। इस दौरान डायरेक्टर सुल्ताना खान एवं विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में युवाओं को मौका

15 सितंबर तक ऑनलाइन पंजीयन, 63 कौशलों में प्रतिभा दिखाएंगे युवा

विजेताओं को वर्ष 2028 में जापान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का अवसर

खरगोन। युवाओं को अपनी प्रतिभा और कौशल को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वावधान में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2026-28 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गए हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने के इच्छुक युवा 15 सितम्बर तक पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को अपने हुनर का प्रदर्शन करने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। चयनित विजेताओं को वर्ष 2028 में जापान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है। प्रतियोगिता में सामान्यतः ऐसे युवा भाग ले सकते हैं, जिनका जन्म 1 जनवरी 2006 या उसके बाद हुआ हो। प्रतिभागियों को सबसे पहले जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना होगा। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी आगे क्षेत्रीय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में जिला स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक युवा 63 कौशलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। इनमें रोबोटिक्स, क्लाउड कम्प्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, वेब टेक्नोलॉजी, वेल्डिंग, कारपेंटरी, मशीनिंग, टर्निंग, कुकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, बेकरी और ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न इंडस्ट्री स्किल शामिल हैं। खास बात यह है कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए किसी औपचारिक शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं है। संबंधित कौशल में प्रतिभा और दक्षता रखने वाले युवा प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

सहकारिता से किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा



खरगोन। जिला मुख्यालय पर बीं-पैक्स खरगोन की साधारण सभा का आयोजन किया गया। साधारण सभा में संस्था के प्रशासक योगेश शरद, पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र निखोरिया, रजनीश दांगी, ब्रांच मैनेजर चंद्रशेखर यादव, इफको के जिला अधिकारी तुकेश कुमार मनाथे किशोर मामा रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कृषक भाई एवं संस्था से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। सभा के दौरान संस्था की गतिविधियों, कृषकों को उपलब्ध कराई जा रही। जहां सुविधाओं तथा सहकारिता के माध्यम से किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कृषकों ने संस्था के विकास एवं कृषक हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर इफको के जिला अधिकारी श्री तुकेश कुमार मनाथे द्वारा कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा इफको के नवीनतम कृषि उत्पादों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई साथ ही कृषक बंधुओं एवं सदस्यों को इफको बायो-डिकंपोजर निशुल्क वितरित किए गए। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन एवं कृषि आय बढ़ाने की दिशा में प्रयास करने का आग्रह किया।साधारण सभा में उपस्थित वरिष्ठ कृषकों ने भी अपने अनुभव एवं महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बी-पैक्स को और अधिक सशक्त बनाते हुए कृषकों को समय पर आवश्यक कृषि सामग्री एवं सहकारी सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।

रुद्राक्ष धाम मंदिर में जन्माष्टमी पर केशवम बैंड दिल्ली का भजन क्लबिंग कार्यक्रम

सागर। भगवान वासुदेव श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव के पुण्य पर्व जन्माष्टमी (4 सितंबर, शुक्रवार) को रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में स्थित श्री राधाकृष्ण जी मंदिर एवं श्री दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर प्रांगण में शाम 4 बजे केशवम बैंड दिल्ली के द्वारा सांस्कृतिक भजन क्लबिंग का आयोजन किया गया है। जन्माष्टमी पर रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में प्रातः 9 बजे राधे-राधे मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ होगा। इसके साथ ही श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भी भजनों का कार्यक्रम होगा। शाम 4 बजे केशवम बैंड दिल्ली के द्वारा प्रस्तुत भजन क्लबिंग कार्यक्रम का शुभारंभ परम पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार करेंगे। रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव तथा भव्य आतिशबाजी कार्यक्रम होगा। सभी कार्यक्रमों को दौरान इंस्पिरेशन अकादमी द्वारा श्री राधाकृष्ण जी की मनोरम झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। जन्माष्टमी आयोजन हेतु रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से सजावट की गई है। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में जन्माष्टमी पर आयोजित भजन संध्या तथा दिन भर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सादर आमंत्रित किया है।

भादौ मास की नवमी पर नागझिरी में उमड़ेंगे श्रद्धालु

बोंदरु बाबा की समाधि पर 5 को लगेगा मेला, देशभर से पहुंचेंगे निसंतान दंपती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

भादौ मास की नवमी के पर 5 सितंबर, शनिवार को नागझिरी में संत शिरोमणि बोंदरु बाबा की जीवित समाधि स्थल पर एक दिवसीय मेले का आयोजन होगा। मेले में दूर-दराज सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं निसंतान दंपती पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि बोंदरु बाबा के दरबार में संतान प्राप्ति की मनोकामना पूरी होती है। बताया जाता है कि भिलाला दरबार समाज में जन्मे संत बोंदरु बाबा ने गो सेवा और तपस्या के माध्यम से संत के रूप में पहचान बनाई। वर्ष 1790 में महज 25 वर्ष की आयु में उन्होंने भादो मास की नवमी के दिन जीवित समाधि ली थी। तभी से उनकी समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष नवमी के दिन मेले की परंपरा चली आ रही है।



संतान प्राप्ति की मान्यता

श्रद्धालुओं का विश्वास है कि बाबा के दरबार में संतान प्राप्ति की मनोकामना पूरी होती है। समाधि के पुजारी द्वारा महिलाओं की गोद भराई की रस्म कर कच्ची कैरी का प्रसाद दिया जाता है। आस्था के चलते कई दंपती मनोकामना लेकर यहां पहुंचते हैं और मनोकामना पूरी होने के बाद अपने बच्चों का तुलादान करने भी बड़ी संख्या में आते हैं।

श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था

मेले को लेकर ग्राम पंचायत एवं आयोजन समिति द्वारा तैयारियां पूरी की जा रही हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था रहेगी। सरपंच शंकर सिंह देवड़े एवं आरती सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष दीपक प्रजापत ने बताया कि मेले को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई।